**सुविचार**

**जो अपने सपनों को पूरा करने का साहस करता है, वह हर मुश्किल को पार कर सकता है।**

दैनिक

# पंचकूला ऑब्जर्वर

सच के साथ, समाज के साथ




वर्ष : 1 | अंक : 41 | पंचकूला। बुधवार, 18 मार्च 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4

## एक नजर

### 3 माह से बड़े बच्चे को गोद लेने वाली महिलाओं को भी मैटरनिटी लीव का हक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मैटरनिटी लीव को लेकर एक बहुत अहम और बड़ा फैसला सुनाया है, जो खास तौर पर बच्चा गोद लेने वाली महिलाओं के लिए राहत भरा माना जा रहा है। कोर्ट ने साफ कर दिया है कि अब सिर्फ तीन महीने तक के बच्चे को गोद लेने वाली ही नहीं, बल्कि उससे ज्यादा उम्र के बच्चे को गोद लेने वाली महिलाएं भी मातृत्व अवकाश की हकदार होंगी। दरअसल, पहले कानून में यह प्रावधान था कि अगर कोई महिला तीन महीने तक के बच्चे को गोद लेती है, तभी उसे 12 हफ्तों की मैटरनिटी लीव मिलती थी। लेकिन, सुप्रीम कोर्ट ने इस नियम को गलत और भेदभावपूर्ण माना। कोर्ट ने सामाजिक सुरक्षा संहिता के सेक्शन 60(4) को रद्द करते हुए कहा कि यह प्रावधान संविधान के आर्टिकल 14 (समानता का अधिकार) और आर्टिकल 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) का उल्लंघन करता है। कोर्ट का मानना है कि मातृत्व अवकाश का मकसद सिर्फ बच्चे के जन्म या गोद लेने के शुरुआती समय तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि मां और बच्चे के बीच आत्मीय रिश्ता बनाने और बच्चे की देखभाल के लिए भी जरूरी होता है।

### पश्चिम बंगाल चुनाव से पहले बड़ा एक्शन, आयोग ने 13 जिलों के एसपी बदले

**कोलकाता, 17 मार्च।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर आयोग ने बड़ा प्रशासनिक फैसला लेते हुए राज्य के पुलिस तंत्र में अहम बदलाव किए हैं। आयोग ने साफ किया है कि चुनाव निष्पक्ष, भयमुक्त और हिंसा रहित माहौल में कराने के लिए यह कदम उठाया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने हाल ही में प्रेस कॉन्फ्रेंस में भरोसा दिलाया था कि पश्चिम बंगाल सहित सभी राज्यों में चुनाव बिना डर, हिंसा और किसी भी तरह के प्रलोभन के कराए जाएंगे। इसी दिशा में आयोग ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के ट्रांसफर और नई तैनाती के आदेश जारी किए हैं। आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत राज्य के 13 जिलों में पुलिस अधीक्षकों (एससी) का तबादला किया गया है। साथ ही, कई बड़े पदों पर भी नई नियुक्तियां की गई हैं। नई नियुक्तियों के तहत डॉ. राजेश कुमार सिंह को एडीजी और आईजीपी, साउथ बंगाल रीजन बनाया गया है।

हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान राज्यसभा चुनाव पर जोरदार 'संग्राम'

# भूपेंद्र हुड्डा-बेदी में तीखी तकरार, कांग्रेस का वॉकआउट

पंचकूला ऑब्जर्वर





**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के 12वां दिन राज्यसभा चुनाव पर जमकर हंगामा हुआ। नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्?डा ने कहा कि सरकार के मंत्री डांस करने लग जाते हैं, यह क्या तरीका है? इस पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा, आप रिकॉर्डिंग निकलवा लो, यदि मैंने डांस किया हो तो मैं हाउस में सॉरी बुलवाऊंगा, फिर छोड़ूंगा नहीं। लंच के बाद फिर कांग्रेस विधायकों ने राज्यसभा चुनाव को लेकर हंगामा किया। इस पर स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने आठ कांग्रेस विधायकों को नेम किया, जिसके बाद कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

इसके बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी खड़े हुए और उन्होंने शायरी पढ़ते हुए कांग्रेस पर तंज कसा। उन्होंने कहा, मैं हैरान हूं कि इतने सीनियर नेता होने के बाद भी यह नहीं जानते हैं कि न वोट चोरी होती है, न ईवीएम में कोई गड़बड़ी होती है। लोकतंत्र की यही तो खूबी है, यह अंतरआत्मा को जगा देता है, अगर वह सोई हुई होती है। प्रश्नकाल के बाद कांग्रेस विधायक रघुवीर कादियान ने कहा कि जिस तरह से राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के आरोप लगे हैं, उससे गरिमा घटी है। ये हालात ऐसे क्यों पैदा हुए हैं।

हमारे सदस्य 37 हैं, भाजपा के 48 हैं। इस नंबर गेम में 31 वोट आने चाहिए। फिर तीसरे मेंबर की जरूरत क्या पड़ी। ये प्रजातंत्र का गला घोंटने की बात है। इस पर स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने कहा- सदन में इस विषय की जरूरत क्या है? इस पर हंगामा हो गया। कांग्रेस विधायक नारेबाजी करते हुए वेल तक पहुंच गए और वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाए। इस पर स्पीकर को सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। साइबर क्राइम के मुद्दे पर विपक्ष का हंगामा नूंह से कांग्रेसी विधायक आफताब अहमद ने साइबर क्राइम का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार बता रही है कि अपराध में कमी आई है, लेकिन इससे निपटने के लिए और भी काम होना चाहिए। उन्होंने फरीदाबाद और गुरुग्राम में साइबर क्राइम कमिश्नरेट बनाने की मांग की।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने इसका जवाब देते हुए कहा कि साइबर क्राइम विभाग हमारी सरकार ने बनाया है, कांग्रेस के समय में तो यह था ही नहीं। इस पर कांग्रेस के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि अब आपने आरोप लगाए हैं तो इसका जवाब देना ही होगा। हमारी सरकार इस पर लगातार काम कर रही है।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा, कांग्रेस को महापुरुषों की जयंती मनाना अच्छा नहीं लगता। इन्हें तो अपने बापू की जयंती मनाने की जल्दी रहती है। हमारी सरकार ने लगातार संत-महापुरुषों की जयंती को स्टेट लेवल पर आयोजित करने का काम किया है। हमने हाल ही में भीम राव अंबेडकर की जयंती पर स्टेट लेवल कार्यक्रम आयोजित किया है। इसके अलावा हम लगातार ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते हैं। हमारी सरकार इन कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी युवा पीढ़ियों को संदेश देना चाहती है।

कांग्रेस इन कार्यक्रमों को घोटाला बता रही है। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि ये झूठे आरोप हैं, कैग की रिपोर्ट में भी संत महापुरुषों की जयंती के आयोजन पर कोई सवाल नहीं उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा, कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कैथल की कॉलोनियों के साथ भेदभाव का आरोप लगाया था। मैं यह बताना चाहता हूं कि हमारी सरकार लगातार यहां पर विकास कार्य कर रही है। सरकार ने करोड़ों रुपए की लागत से सीवरेज बिछाने और सड़कें बनाने का काम किया है।

### वॉकआउट पर सीएम सैनी का विपक्ष पर हमला, बोले, गैर-जिम्मेदार रवैया उजागर

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा के बजट सत्र में कांग्रेस के वॉकआउट पर तीखा प्रहार करते हुए इसे गैर-जिम्मेदाराना करार दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है और वह केवल आरोप लगाकर सदन से भागने की राजनीति कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट 2026-27 करीब 5 हजार सुझावों के आधार पर तैयार किया गया जनहितकारी दस्तावेज है, जिसमें किसान, उद्योग और सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की गई।



विपक्ष द्वारा किसानों की अनदेखी के आरोपों को उन्होंने पूरी तरह तथ्यहीन बताया। राज्यसभा चुनाव को लेकर उठे विवाद पर सीएम ने स्पष्ट किया कि निर्दलीय उम्मीदवार को समर्थन देना लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है और इसमें विपक्ष की आपत्ति बेबुनियाद है। उन्होंने बताया कि बजट में एसवाईएल नहर के निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जबकि पूर्व सरकारों ने इस दिशा में गंभीरता नहीं दिखाई। आर्थिक मुद्दों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की वित्तीय स्थिति मजबूत और संतुलित है। बजट में वास्तविक वृद्धि 8 से 9.24 प्रतिशत है और 2014 के बाद कोई नया कर नहीं लगाया गया। इसके साथ ही आबकारी नीति के तहत पारदर्शी ई-टेंडर प्रक्रिया से 14,342 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो पिछले वर्ष से अधिक है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर भ्रामक राजनीति का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार विकास और पारदर्शिता के एजेंडे पर मजबूती से आगे बढ़ रही है, जबकि विपक्ष केवल विरोध तक सीमित है।

भाजपा जिलाध्यक्ष के रूप में एक वर्ष पूरा

## अजय मित्तल को पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जोरदार बधाई दी



पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** पंचकूला में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष के रूप में एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर अजय मित्तल को पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार बधाई दी।

सुबह से ही उनके आवास और बाद में पार्टी कार्यालय पर शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा। कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अजय मित्तल को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि उनके नेतृत्व में पार्टी संगठन का लगातार विस्तार हुआ है और विकास कार्यों को भी गति मिली है।

इस अवसर पर जिला महामंत्री जय कौशिक, सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन विपिन लिड्डू, चरणजीत सिंह हैप्पी, अजय कुंडल, भारत हितैषी, पुष्पा सिंगरोहा, सुशील गर्ग, दीपक शर्मा, अमरिंदर सिंह, सुरेश वर्मा, सुखबीर पूनिया, मंजू, राजेंद्र नूनीवाल सहित अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी उन्हें बधाई दी।

### नवरात्र में एनआईए माता मनसा देवी मंदिर में लगाएगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**पंचकूला।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान पंचकूला की ओर से चैत्र नवरात्र के पावन उपलक्ष्य में माता मनसा देवी मंदिर परिसर में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित लगाया जाएगा। यह स्वास्थ्य जांच शिविर 19 मार्च से शुरू होकर 27 मार्च तक चलेगा, जिसमें हर रोज नवरात्र मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को आयुर्वेदिक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उप चिकित्सा अधीक्षक (डीएमएस) डॉ. गौरव गर्ग ने बताया कि आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में संस्थान के कुलपति प्रोफेसर डॉ. संजीव शर्मा और डीन प्रोफेसर गुलाब चंद पमनानी के मार्गदर्शन में वर्ष 2024 से चैत्र एवं शारदीय नवरात्री के पावन अवसर पर शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर में विशेषज्ञ आयुर्वेद चिकित्सकों की टीम तैनात रहेगी, जो श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की जांच करेगी और जरूरतमंद लोगों को निशुल्क आयुर्वेदिक दवाइयां भी वितरित की जाएंगी। स्वास्थ्य शिविर का समन्वयक डॉ. अनुराग कुशल और डॉ. मानसी ग्रेवाल को नियुक्त किया गया है, जिनकी देखरेख में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मेले के दौरान भीड़ और मौसम में बदलाव के कारण अक्सर लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होती हैं, ऐसे में यह शिविर उनके लिए काफी लाभकारी साबित होगा।

## गोगा जी महाराज का 70 वर्ष पुराना मंदिर ध्वस्त

- पीएमडीए-एनएचएआई ने मिल कर की कार्रवाई, धार्मिक संगठनों में रोष

पंचकूला ऑब्जर्वर



**पंचकूला।** पंचकूला में पिछले 70 वर्ष पुराने गोगा जी महाराज के मंदिर को आज पीएमडीए प्रशासन और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ने मिल कर हटा दिया। जेसीबी मशीन और कर्मचारियों की कार्रवाई सुबह ही शुरू हो गई थी।

सेक्टर 21 में महेशपुर-जीरकपुर एनएच के किनारे पर बना मंदिर 1979 में यहां स्थापित किया गया। श्रद्धालु बताते हैं कि मंदिर में मूर्ति स्थापना और भूमि पूजन के साथ इस मंदिर की शुरू हुई। इससे पंचकूला का हर व्यक्ति भावनात्मक तौर पर जुड़ा हुआ है। हर त्यौहार पर अपने घर परिवार की समृद्धि की कामना के साथ इस मंदिर में आते थे। पीएमडीए की तरफ से जैसे ही यह कार्रवाई शुरू हुई तब स्थानीय लोगों में रोष पनप गया। सेक्टरवासियों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का कड़ा विरोध करते हुए भाजपा शासित राज्य सरकार को भी घेरा। लोगों का कहना था कि गोगा जी महाराज मंदिर तोड?र श्रद्धालुओं की भावनों को आहत किया गया है।

हिंदू संगठन के नेताओं ने भी मौके पर इस कार्रवाई का विरोध करते हुए कहा कि हाईवे पर अतिक्रमण की बात कह कर एनएचएआई और पीएमडीए द्वारा मंदिर को तोड़ दिया गया, जबकि कागजात होते हुए भी पीएमडीए ने यह कार्रवाई की।

उधर, पीएमडीए की महिला अधिकारी ने मौके पर पहुंच कर मीडिया को बताया कि कोर्ट की डायरेक्शंस पर पीएमडीए द्वारा गोगा जी महाराज मंदिर को नोटिस जारी कर इसे खाली करने का कहा गया था, लेकिन जमीन पर अवैध कब्जा होने के कारण आज इसे हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि पीएमडीए गठन होने के बाद जमीन पर हुए अवैध कब्जे की शिनाख्त की गई। इसके बाद नोटिस जारी किया गया था। जब इसे नहीं हटाया गया तब यह कार्रवाई की गई। सनातन टास्क फोर्स राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गिर्वेश राणा ने कहा कि जिल तरह की कार्रवाई की गई, वैसी कार्रवाई धार्मिक स्थल पर हर साल देखने को मिल रही है।

## लोकसभा से 8 विपक्षी सांसदों का निलंबन हटा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को पहले फेज के दौरान निलंबित किए गए 8 सांसदों पर लगा सस्पेंशन हटा दिया गया। इनमें कांग्रेस के 7 और लेफ्ट के एक सांसद हैं। ये आठ सांसद 4 फरवरी को लोकसभा से पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित किए गए थे। उन पर हंगामा करने के दौरान स्पीकर पीठासीन कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी की कुर्सी की ओर कागज फेंकने का आरोप लगा था।

यह हंगामा उस समय हुआ था जब राहुल गांधी सदन में पूर्वी लद्दाख में 2020 के भारत-चीन सीमा तनाव का जिक्र कर रहे थे।

कांग्रेस सांसद के. सुरेश समेत 3 सांसदों ने सस्पेंशन प्रस्ताव रखा। इसके बाद ध्वनि मत से इसे पास कर दिया गया। इससे पहले सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने इसका समर्थन किया। धर्मेंद यादव ने कहा कि सदन की मर्यादा में सत्ता पक्ष को भी मान रखना होगा। उन्होंने कहा कि खासकर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे इसका ख्याल रखें।

इसके बाद सदन में सत्ता पक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान स्पीकर ओम बिरला ने सदस्यों से कहा, प्लेकार्ट और एआई से बनाई गई तस्वीरें प्रदर्शित न करें।

## गुजरात पहुंचा एक और जहाज नंदा देवी

- ईरान की ओर से अनुमति मिलने के बाद भारत पहुंचा, एक और जहाज रास्ते में

पंचकूला ऑब्जर्वर



**भुज, 17 मार्च।** भारतीय जहाज नंदा देवी मंगलवार को एलपीजी लेकर गुजरात के वडीनार बंदरगाह पर पहुंच गया है। अधिकारियों ने इसी पुष्टि करते हुए कहा कि भारतीय जहाज नंदा देवी एलपीजी लेकर मंगलवार को सुबह लगभग 11.25 बजे गुजरात के वडीनार बंदरगाह पर पहुंचा। इस हफ्ते एलपीजी लेकर पश्चिमी तट पर पहुंचने वाला नंदा देवी दूसरा जहाज है। इससे एक दिन पहले शिवालिक मुंद्रा बंदरगाह पर पहुंचा था।

दोनों जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर भारत पहुंचे हैं। जलडमरूमध्य ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच चल रहे संघर्ष के कारण बाधित है। ईरान की ओर से अनुमति मिलने के बाद ये जहाज भारत पहुंचे हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य से ईरान की बढ़ती सैन्य कार्रवाई और चेतावनियों के चलते फरवरी के अंत से वाणिज्यिक जहाजों की आवाजाही में भारी कमी आई है। सोमवार को कांडला बंदरगाह के अधिकारियों ने निर्देश जारी किया था कि एलपीजी ले जाने वाले सभी जहाजों को प्राथमिकता के आधार पर लंगर डालने की अनुमति दी जाए ताकि माल की अनलोडिंग में तेजी लाई जा सके और देरी को कम किया जा सके। दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण ने जहाज एजेंटों को भेजे गए एक परिपत्र में कहा कि बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय ने बंदरगाहों को एलपीजी से लदे जहाजों को प्राथमिकता के आधार पर लंगर डालने का निर्देश दिया है ताकि देश भर में खाना पकाने की गैस का निर्बाध वितरण सुनिश्चित किया जा सके।

दुखद | काबुल में एयरस्ट्राइक की भारत ने आलोचना की, कहा-

## सैन्य ऑपरेशन की आड़ में नरसंहार कर रहा पाकिस्तान

पंचकूला ऑब्जर्वर



**नई दिल्ली, 17 मार्च।** भारत ने मंगलवार को काबुल के एक हॉस्पिटल और रिहैब सेंटर पर पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक की कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान की तरफ से काबुल के इस हॉस्पिटल और रिहैब सेंटर पर किए गए एयर स्ट्राइक में 400 से ज्यादा आम लोग मारे गए और कम से कम 250 घायल हुए। भारत ने कहा कि इस्लामाबाद अब इस नरसंहार को सैन्य ऑपरेशन का रूप देने की कोशिश कर रहा है।

इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए, विदेश मंत्रालय ने कहा, यह हिंसा का एक कायरतापूर्ण और अमानवीय काम है, जिसमें एक ऐसी जगह पर बड़ी संख्या में आम लोगों की जान चली गई, जिसे किसी भी तरह से सैन्य टारगेट के तौर पर सही नहीं ठहराया जा सकता। पाकिस्तान अब इस नरसंहार को सैन्य ऑपरेशन का रूप देने की कोशिश कर रहा है।

भारत ने कहा कि पाकिस्तान का आक्रमण का घिनौना काम अफगानिस्तान की आजादी पर भी एक खुला हमला है और यह इलाके की शांति और स्थिरता के लिए सीधा खतरा है। विदेश मंत्रालय ने कहा, यह पाकिस्तान के लगातार लापरवाह बर्ताव और अपनी सीमाओं के बाहर हिंसा की बढ़ती हताशाजनक हरकतों के जरिए अंदरूनी नाकामियों को बाहर दिखाने की उसकी बार-बार की कोशिशों को दिखाता है।

### दुखी परिवारों के प्रति जताई गहरी संवेदना

मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया कि जो बात इस हमले को ज्यादा निंदनीय बनाती है, वह यह है कि इस्लामाबाद ने रमजान के दौरान अफगानिस्तान पर हमला किया, जो दुनिया भर के मुसलमानों के लिए एक पवित्र महीना है और शांति, सोच-विचार और रहम का समय है। इसमें कहा गया, कोई भी धर्म, कोई भी कानून और कोई भी नैतिकता किसी अस्पताल और उसके मरीजों को जानबूझकर निशाना बनाने को सही नहीं ठहरा सकती। भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भी अपील की कि वे इस आपराधिक काम के दोषियों को जिम्मेदार ठहराएं और यह सुनिश्चित करें कि पाकिस्तान द्वारा अफगान नागरिकों को जानबूझकर निशाना बनाना बिना किसी देरी के बंद हो। शोक जताते हुए भारत विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत दुखी परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना जताता है, घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करता है और इस दुख की घड़ी में अफगानिस्तान के लोगों के साथ खड़ा है। हम अफगानिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए अपना निश्चित समर्थन भी दोहराते हैं। बता दें, तालिबान अधिकारियों ने कहा कि काबुल में ओमिद एडिक्शन ट्रीटमेंट हॉस्पिटल पर पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक में 400 से ज्यादा लोग मारे गए और कम से कम 250 दूसरे घायल हो गए।

## पंजाब यूनिवर्सिटी में सरताज सतिंदर के कार्यक्रम से पहले फायरिंग से हड़कंप

**चंडीगढ़ 17 मार्च।** पंजाब यूनिवर्सिटी के सेक्टर-14 स्थित परिसर में स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन ऑफ पंजाब यूनिवर्सिटी (एसओपीयू) के सदस्य जसनदीप पर फायरिंग से हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार आज शाम स्कूटी पर सवार दो अज्ञात युवकों के वनस्पति विज्ञान विभाग की पार्किंग के सामने जसनदीप सिंह पर दो राउंड गोलियां चला दीं। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए।

बताया जा रहा है कि बुधवार को यूनिवर्सिटी में सरताज सतिंदर का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है, जिसके चलते सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। डीएसपी दलबीर और सेक्टर-11 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जसपाल भुल्लर टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। मौके से पुलिस ने दो खाली खोल बरामद किए हैं। डीएसपी दलबीर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में दो राउंड फायरिंग की पुष्टि हुई है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### धूरी में सब-डिवीजनल अस्पताल को समर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री ने जनसभा को किया संबोधित, विपक्ष पर कसा तंज

# अगर भगत सिंह पहले प्रधानमंत्री होते तो देश का नक्शा अलग होता: सीएम मान

- **आज़ादी के इतने सालों बाद भी हम पुराने सिस्टम के गुलाम हैं, क्या भगत सिंह और करतार सिंह सराभा इसी वजह से शहीद हुए थे?**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**धूरी, 17 मार्च।** पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान ने कहा कि यदि शहीद-ए-आज़म भगत सिंह देश के पहले प्रधानमंत्री होते, तो आज देश का नक्शा बिल्कुल अलग होता। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि आज़ादी के दशकों बाद भी देश पुराने सिस्टम के जाल में क्यों उलझा हुआ है, जबकि इसी सिस्टम से मुक्ति के लिए भगत सिंह और करतार सिंह सराभा जैसे क्रांतिकारियों ने अपनी जान न्योछावर की थी। उन्होंने कहा कि यह दीवार पर लिखी बात पढ़ लेनी चाहिए कि वर्ष 2027 में भी आम आदमी पार्टी ही सत्ता में आएगी, क्योंकि चार वर्षों में सभी गारंटियां पूरी कर दी गई हैं और विरोधियों के पास जनता के सामने जाने के लिए कोई मुद्दा नहीं बचा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विरोधी पार्टियां बारी-बारी से पंजाब को लूटने के बाद अब फिर सत्ता में आने के लिए आपस में लड़ रही हैं। उन्होंने कहा




कि उनकी सरकार लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन के दौरान शहीद हुए 750 किसानों को पंजाब अभी तक नहीं भूला है। आज नए बने सब-डिवीजनल अस्पताल को समर्पित करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷यह दीवार पर लिखी बात पढ़ लेनी चाहिए कि जनहित में लिए गए फैसलों के कारण 'आप' राज्य में दोबारा सरकार बनाएगी।÷ उन्होंने आगे कहा, ÷पंजाब के लोग 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों के बाद 'आप' की सरकार बनाने के लिए उत्साहित हैं। वर्ष 2022 में शहीद-ए-आज़म भगत सिंह के पैतृक गांव से सत्ता संभालने के बाद हमारी सरकार ने कई जनहितकारी फैसले लिए। हमने चार वर्षों में अपने सभी वादे पहले ही पूरे कर लिए हैं और आने वाले एक वर्ष में हम राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि हमने चार साल में सभी वादे पूरे कर राजनीति में एक नई परंपरा शुरू की है, जबकि अन्य पार्टियां पांच साल में भी ऐसा करने में सक्षम नहीं हैं। पहले दिन से ही हमारी सरकार पिछली सरकारों के खराब सिस्टम को सुधार रही है और हम आम आदमी की भलाई के लिए साहसिक फैसले लेने से नहीं हिचकते। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस और बादल फिर से राज्य को लूटने का एक और मौका तलाश रहे हैं, जबकि राज्य पहले ही इनके शासनकाल में बहुत कुछ झेल चुका है।

### सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'आप' सरकार ने महिलाओं के लिए 'मावां-धियां सत्कार योजना' शुरू की है, जिसके तहत आर्थिक सहायता दी जा रही है। इसके अलावा 65,000 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े सुधार किए गए हैं। 881 आम आदमी क्लीनिक चल रहे हैं और लाखों परिवारों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। वहीं, लगभग 90 प्रतिशत घरों को मुफ्त बिजली दी जा रही है और किसानों को दिन के समय निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई है।

### जो मेरा मजाक उड़ाते थे आज डरकर मेरा नाम लेते हैं

विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आज भी वे एकजुट हैं। चरणजीत सिंह चन्नी, अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, सुखजिंदर सिंह रंधावा, कैप्टन अमरिंदर सिंह, सुखबीर सिंह बादल और अन्य नेता मुझे निशाना बनाने वाले समूह में शामिल हैं। पहले ये नेता मुझे एक मनोरंजन करने वाला बताकर मेरा मजाक उड़ाते थे, लेकिन अब डर के मारे दिन-रात मेरा नाम लेते हैं। उन्होंने कहा कि 2017 में जब 'आप' को कई सीटें मिलीं और वह विपक्ष बनी, तब उन्होंने कहा था कि कुछ नहीं होगा। 2022 में भी उन्होंने यही कहा, लेकिन हमारी सरकार ने लोगों के हित में कई पहल कीं। अब फिर वे कहते हैं कि 2027 में कुछ नहीं होगा, लेकिन 'आप' भारी बहुमत से दोबारा सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि सत्ता हासिल करने के लिए बेताब अकाली दल लोगों को गुमराह करने के लिए सोशल मीडिया पर मेरे बारे में एआई के माध्यम से बनाए गए वीडियो पोस्ट कर रहा है। यह दर्शाता है कि मेरे खिलाफ किसी भी मुद्दे की कमी के कारण वे हताश हैं और निराश होकर सत्ता के लिए बेताबी में हर कोशिश कर रहे हैं।

### पिछली सरकार ने राज्य के संसाधनों को अंधाधुंध लूटा

पिछली सरकार के बारे में बात करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि इन नेताओं ने अपने निजी राजनीतिक हितों के लिए राज्य के संसाधनों को अंधाधुंध लूटा। जब पंजाब बेरोजगारी, युवाओं के विदेश जाने की प्रवृत्ति और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं से जूझ रहा था, तब ये नेता अवैध तरीकों से पैसा कमाने में लगे हुए थे। उन्होंने जनता और राज्य की कीमत पर महल और व्यापारिक साम्राज्य खड़े किए। उन्होंने आगे कहा कि इन लोगों ने पंजाब की तरक्की और खुशहाली को पटरी से उतार दिया और पंजाब तथा उसकी युवा पीढ़ियों के लिए समस्याएं खड़ी कर दीं। उनके हाथ इस अपराध से रंगे हुए हैं और इतिहास उन्हें पंजाब की पीठ में छुरा घोंपने के लिए कभी माफ नहीं करेगा। शिक्षा के बारे में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, 卐आधुनिक बुनियादी ढांचे, स्मार्ट कक्षाओं और लैब्स के साथ उत्कृष्ट स्कूल स्थापित किए गए हैं। शिक्षकों और प्रिंसिपलों को प्रशिक्षण के लिए विदेश भेजा जा रहा है। पंजाब ने नेशनल अचीवमेंट सर्वे में केरल को पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल किया है।

## पुलिस को गौ रक्षा सेल के लिए नोडल ऑफिसर अपॉइंट करने का दिया निर्देश

### पंजाब गौ सेवा कमीशन जानवरों की सही देखभाल और सुरक्षा पक्का करने के लिए कमिटेड है: प्रेम भगत

पंचकूला ऑब्जर्वर

**लुधियाना, 17 मार्च।** पंजाब गौ सेवा कमीशन के वाइस चेयरमैन प्रेम भगत ने सोमवार को पुलिस डिपार्टमेंट को डिस्ट्रिक्ट लेवल के गौ रक्षा सेल के लिए स्क्क और ष्ठस्क्क रैंक के ऑफिसर को नोडल ऑफिसर अपॉइंट करने का निर्देश दिया।

डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन, एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (रूरल डेवलपमेंट) डॉ. नरिंदर सिंह धालीवाल, एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (अर्बन डेवलपमेंट) अमित बेम्बी, डिस्ट्रिक्ट प्लानिंग बोर्ड के चेयरमैन जतिंदर सिंह खंगुरा और प्रेम भगत के साथ दूसरों ने कहा कि पंजाब गौ सेवा कमीशन जानवरों की देखभाल और सुरक्षा पक्का करने के लिए कमिटेड है। उन ऑफिसर को



आवारा जानवरों को उठाकर गांव की बुर्ज पवात गौशाला में शिफ्ट करने के लिए एक नई गाड़ी खरीदने के लिए कहा गया। उन्होंने यह भी कहा कि म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने गाय सेस के तौर पर 18 करोड़ रुपये इकट्ठा किए हैं और इस रकम का इस्तेमाल गौशालाओं को अच्छे से चलाने के लिए किया जाना चाहिए। अधिकारियों को यह भी कहा गया है कि वे गौशालाओं में हर जानवर का वैक्सीनेशन पक्का करें।

वाइस चेयरमैन ने कहा कि आवारा जानवरों की सही देखभाल पक्का करने के लिए बेहतर तालमेल के लिए एक मीटिंग की गई है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पंजाब के सभी जिलों में ऐसी मीटिंग की जाएंगी ताकि आवारा जानवरों को प्रशासन, गौशालाओं और आम जनता के सहयोग से गौशालाओं में शिफ्ट किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को उन डेयरी फार्मों के खिलाफ सही कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया जो सुबह अपने जानवरों को सड़कों पर छोड़ देते हैं। उन्होंने उनसे गौशालाओं का सारा बकाया चुकाने के लिए भी कहा।

कीमती भगत ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की आवारा पशुओं की समस्या को हल करने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि गौ सेवा आयोग यह पक्का करने के लिए हर मुमकिन कोशिश करेगा कि आवारा पशुओं को सही आश्रय और देखभाल मिले और कीमती इंसानी जानें न जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और आम जनता से अपील की कि वे गौ सेवा आयोग और पंजाब सरकार द्वारा पशुओं की देखभाल के लिए की जा रही कोशिशों में सहयोग करें।

## एस.सी. आयोग ने एस.एस.पी. फरीदकोट से रिपोर्ट तलब की

**चंडीगढ़, 17 मार्च।** पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एस.एस.पी.) फरीदकोट से कुलदीप सिंह एवं अन्य बनाम पंजाब राज्य एवं अन्य मामले में अब तक की गई कार्रवाई संबंधी रिपोर्ट तलब की गई है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि जसवीर कौर, पंच बंसा सिंह, पंच अमरीक सिंह एवं अन्य के खिलाफ एस.सी./एस.टी. एक्ट के तहत एफ.आई.आर. दर्ज करने के मामले में श्रीमती अमनदीप कौर, सरपंच, पत्नी श्री कुलदीप सिंह, निवासी ग्राम पंचायत चंद भान, ब्लॉक जैतो, जिला फरीदकोट की शिकायत प्राप्त हुई थी। इस मामले की अगली सुनवाई की तिथि 25-03-2026 निर्धारित की गई है।

प्रवक्ता ने आगे बताया कि इस सम्बन्धी पंजाब पुलिस से प्राप्त रिपोर्ट पर विचार करने के बाद आयोग ने निर्देश दिया है कि सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन स्पेशल लीव पिटीशन नंबर 13440 ऑफ 2025 को ध्यान में रखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी रिपोर्ट तथा अन्य कानूनी कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट डी.एस.पी. स्तर के अधिकारी से जांच करवाकर 25-03-2026 तक आयोग को भेजी जाए।

## गैंगस्टरों ते वार का 56वां दिन: पंजाब पुलिस ने 587 स्थानों पर की छापेमारी; 178 गिरफ्तार

- **पुलिस टीमों ने 99 व्यक्तियों के विरुद्ध की एहतियाती कार्रवाई, 59 को पूछताछ के बाद किया रिहा**
- **लोग एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 के माध्यम से गुप्त रूप से दे सकते हैं जानकारी**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 17 मार्च।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत शुरू की गई निर्णायक 'गैंगस्टरों ते वार' मुहिम के 56वें दिन पंजाब पुलिस ने आज राज्यभर में गैंगस्टरों के सहयोगियों के चिन्हित और मैप किए गए 587 ठिकानों पर छापेमारी की। उल्लेखनीय है कि 'गैंगस्टरों ते वार' पंजाब को गैंगस्टर-मुक्त राज्य बनाने के लिए एक निर्णायक अभियान है, जिसे 20 जनवरी 2026 को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव द्वारा शुरू किया गया था। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमें राज्यभर में विशेष अभियान चला रही हैं।

56वें दिन पुलिस टीमों ने 178 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 3 नुकीले हथियार बरामद किए, जिससे इस अभियान की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या 15,072 हो गई है। इसके अलावा 99 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की गई, जबकि 59 व्यक्तियों को जांच और पूछताछ के बाद रिहा कर दिया गया। पुलिस टीमों ने कार्रवाई के दौरान 5 भगोड़े अपराधियों को भी गिरफ्तार किया।

लोग एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन 93946-93946 के माध्यम से गुप्त रूप से वांछित अपराधियों और गैंगस्टरों के बारे में जानकारी दे सकते हैं तथा अपराध और आपराधिक गतिविधियों से संबंधित सूचनाएं साझा कर सकते हैं। इस दौरान पुलिस टीमों ने नशों के खिलाफ अपनी मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 381वें दिन भी जारी रखते हुए आज 69 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 547 ग्राम हेरोइन, 550 ग्राम अफीम, 918 किलोग्राम भूक्की, 544 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 1300 रुपये की ड्रग मनी बरामद की। इसके साथ ही केवल 381 दिनों में गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों की कुल संख्या 53,965 हो गई है। नशा मुक्ति अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने आज 58 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास उपचार के लिए प्रेरित किया।

## मलोट को बड़ी राहत: 12 करोड़ की लागत से बना अंडर ब्रिज लोगों को समर्पित: डॉ. बलजीत

- **ट्रैफिक जाम से छुटकारा, हादसों में आएगी कमी**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**मलोट/श्री मुक्तसर साहिब, 17 मार्च।** कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने आज मलोट में लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किए गए अंडर ब्रिज का उद्घाटन करते हुए इसे क्षेत्र के लोगों को समर्पित किया। यह परियोजना राज्य सरकार द्वारा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह अंडर ब्रिज मलोट शहरवासियों के लिए एक बड़ी सौगात है, जो



यातायात को अधिक सुचारू और तेज बनाते हुए रोजमर्रा की आवाजाही में आने वाली परेशानियों को कम करेगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से ट्रैफिक जाम की समस्या में काफी हद तक कमी आएगी और सड़क हादसों को रोकने में भी मदद मिलेगी। यह अंडर ब्रिज केवल एक ढांचागत परियोजना नहीं, बल्कि मलोट के लोगों के सपनों की साकार तस्वीर है। वर्षों से रेलवे फाटकों के कारण रुकती जिंदगी, देर से पहुंचते छात्र और आपातकालीन सेवाओं में आने वाली बाधाएं अब अतीत की बात बन जाएंगी। यह परियोजना लोगों के दैनिक जीवन को सुगम बनाते हुए क्षेत्र के विकास को नई गति देगी। उन्होंने शहरवासियों को बधाई देते हुए कहा कि इस अंडर ब्रिज की लंबे समय से चली आ रही मांग आज पूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि जो शहर कई दशकों से दो हिस्सों में बंटा हुआ था, अब इस अंडर ब्रिज के माध्यम से उसका समन्वय संभव हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि यह परियोजना शहर के विकास को नई दिशा देगी।

## राज्य स्तरीय स्वास्थ्य कैंपों के तहत 37 हजार बुजुर्ग नागरिकों का पंजीकरण

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 17 मार्च।** मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा 'साडे बुजुर्ग साडा माण' अभियान के तहत लगाए गए राज्य स्तरीय स्वास्थ्य जांच कैंपों के दौरान लगभग 37 हजार बुजुर्ग नागरिकों का पंजीकरण किया गया है। यह जानकारी सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने दी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार बुजुर्गों को अपना अनमोल धरोहर मानती है और उनकी सुरक्षा तथा सम्मान सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है।

डॉ. बलजीत कौर ने जोर देकर कहा कि बुजुर्ग हमारे परिवारों और समाज की मजबूत नींव हैं, जिनके अनुभव भविष्य की पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शन का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार और समाज दोनों की नैतिक जिम्मेदारी है कि बुजुर्गों को सम्मान, देखभाल और अपनत्व के साथ जीवन बिताने के लिए उपयुक्त वातावरण प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा 'ऐसी पहलों के माध्यम से हम बुजुर्गों के साथ हर चरण पर खड़े रहने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं।'

उन्होंने आगे बताया कि इन स्वास्थ्य कैंपों में आंखों की जांच, कैंसर स्क्रीनिंग, एनसीडी स्क्रीनिंग, ऑर्थोपेडिक जांच, ईएनटी चेक-अप, फिजियोथेरेपी और विशेषज्ञों द्वारा मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन जैसी सेवाएं प्रदान की गईं।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि मोतियाबिंद सर्जरी के लिए 1756 पंजीकरण किए गए, जिनमें से 539 सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी हैं। इसके अलावा 1274 कैंसर स्क्रीनिंग, 4863 ऑर्थोपेडिक चेक-अप, 6339 एनसीडी स्क्रीनिंग, 9015 आंखों की जांच, 2593 ईएनटी चेक-अप और 1621 फिजियोथेरेपी सेवाएं उपलब्ध करवाई गईं। उन्होंने कहा कि एलिमको के माध्यम से 418 लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें सहायक उपकरण प्रदान किए गए और 3014 विजन चश्मे भी वितरित किए गए हैं। डॉ. बलजीत कौर ने दोहराया कि विभाग बुजुर्ग नागरिकों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसी पहल जारी रखी जाएंगी।

### कुलदीप धालीवाल का सुखबीर बादल पर तीखा हमला, कहा-

## गैंगस्टरों को भगाने की बात करने वाले खुद चला रहे हैं 'गैंगस्टरों को लाओ कैंपेन'

- **अगर सुखबीर बादल ऐसा मॉडल पेश करना चाहते हैं, तो वे सभी 117 चुनाव क्षेत्रों में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों की घोषणा क्यों नहीं कर देते: धालीवाल**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 17 मार्च।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मुख्य प्रवक्ता और विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल पर तीखा हमला करते हुए कहा कि तरनतारन से कंचनप्रीत कौर को चुनाव क्षेत्र इंचार्ज लगाकर बादल ने इसे स्पष्ट कर दिया है कि वह 2027 में पंजाब के अंदर किस तरह के माडल लाना चाहते हैं। उनहोंने कहा कि जिस तरह भाजपा गुजरात मॉडल की बात करती है या हरियाणा सरकार हरियाणा मॉडल की बात




करती है, उसी तरह सुखबीर बादल अब पंजाब में अपना 'सुखबीर मॉडल' पेश कर रहे हैं, जिससे सिर्फ आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को बढ़ावा मिलेगा।

मंगलवार को पार्टी दफ्तर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए धालीवाल ने कहा कि अगर सुखबीर सिंह बादल अपने 'गैंगस्टर्स लाओ' मुहिम के तहत ऐसा मॉडल पेश करना चाहते हैं, तो उन्हें अभी सभी 117 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर देनी चाहिए, ताकि लोगों को उनकी असली सोच का पता चल सके। उन्होंने कहा कि सुखबीर बादल को अब अबोहर से जगदीश भोले जैसे लोगों को भी टिकट देने की घोषणा कर देनी चाहिए। उन्होंने सुखबीर बादल से सवाल करते हुए पूछा कि वह डेरा बाबा नानक से पहले जैसे लोगों के नामों की घोषणा करने में देरी क्यों कर रहे हैं?

उन्होंने कहा कि अगर अकाली दल पंजाब के जख्मों पर नमक छिड़कना चाहता है, तो सुखबीर बादल बरगाड़ी, बहबल कलां और कोटकपूरा में निहत्थे सिखों पर गोलियां चलाने वाले सुमेध सैनी और उमरानंगल जैसे विवादित अधिकारियों को भी मैदान में उतारने का ऐलान करें। धालीवाल ने कहा कि सुखबीर बादल को अब गुरमीत राम रहीम से भी सूचि मंगवा लेनी चाहिए ताकि उनके 'गैंगस्टर और क्रिमिनल' मॉडल की तस्वीर पूरी तरह साफ हो सके।

धालीवाल ने सुखबीर बादल पर निशाना साधते हुए कहा कि वे उन 'कमाऊ बेटों' को टिकट दें, जिन्होंने दरबार साहिब की लंगर की सूखी रोटियों के घोटाले करके बादलों के घर पैसे भेजे हैं।

उन्होंने कहा कि सुखबीर जी, उन लोगों को भी टिकट दें जिन्होंने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के 328 स्वरूप चुराए और अपने चार्टर्ड अकाउंटेंट कोहली को भी मैदान में उतारें जो आपके पैसों का हिसाब रखता है। उन पुराने जत्थेदारों को भी टिकट दो जिन्होंने तुम्हारे कहने पर राम रहीम को माफी दी थी, ताकि पंजाब के लोगों को पता चले कि तुम्हारी टोली में किस तरह के लोग शामिल हैं।

आप विधायक पर गुरु घरों की ज़मीन हड़पने का आरोप लगाते हुए कि सुखबीर बादल उन चेलों को भी टिकट दें, जिन्होंने पंजाब में गुरु घरों की ज़मीनें हड़पीं या बेची हैं। उन्होंने कहा कि अंब साहिब और आनंदपुर साहिब की ज़मीनें बेचकर बादलों तक पैसा पहुंचाने वाले मैनेजरों को भी उम्मीदवार बनाया जाए। धालीवाल ने कहा कि सुखबीर बादल एक तरफ गैंगस्टरों को भगाने की बात करते हैं, लेकिन दूसरी तरफ उन्होंने खुद 'गैंगस्टर लाओ' मुहिम शुरू की हुई है।

धालीवाल ने आगे कहा कि सुखबीर को एसजीपीसी और गुरु रामदास अस्पताल में लूट-खसोट करने वाले डॉक्टरों और नेताओं को टिकट देकर अपना मन खुश कर लेना चाहिए, क्योंकि पंजाब के लोग अब उन्हें वोट नहीं देंगे।

उन्होंने कहा कि अकाली दल के असली वर्कर पार्टी छोड़कर भाग गए हैं और अब सुखबीर के पास सिर्फ़ पैसे वसूलने वालों की फ़ौज रह गई है। धालीवाल ने तंज करते हुए कहा कि सुखबीर बादल के सत्ता में आने के सपने कभी पूरे नहीं होंगे, लेकिन 117 उम्मीदवारों की घोषणा से उनकी असलियत और उनके 'जोड़ीदारों' का चेहरा पूरे पंजाब के सामने नंगा हो जाएगा।

## हरभजन सिंह ईटीओ ने लोक निर्माण विभाग की बनाई जा रही सड़कों की प्रगति संबंधी समीक्षा बैठक की

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 17 मार्च।** पंजाब सरकार के लोक निर्माण विभाग द्वारा राज्य में बनाई जा रही सड़कों की प्रगति की समीक्षा के लिए कैबिनेट मंत्री सरदार हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने एक बैठक की।

बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा सड़कों के निर्माण से संबंधित निर्धारित लक्ष्यों को हर हाल में प्राप्त किया जाए। उन्होंने बताया कि सड़कों के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब कार्य तेज गति से शुरू हो चुका है और विभाग द्वारा प्रतिदिन 60 किलोमीटर से अधिक सड़कों का नवीनीकरण और सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है।



मंत्री ने आगे बताया कि राज्य में हॉट मिक्स प्लांट्स ने अपनी पूरी क्षमता से काम करना शुरू कर दिया है, जिसके परिणामस्वरूप प्रतिदिन 100 किलोमीटर से अधिक सड़क निर्माण का कार्य किया जाएगा।

उन्होंने जानकारी दी कि पंजाब सरकार ने 30 जून 2026 तक राज्य की लगभग 20,500 किलोमीटर सड़कों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने यह भी कहा कि खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के कारण बिटुमेन की कुछ कमी उत्पन्न हो रही है, लेकिन विभाग के अधिकारियों ने इस समस्या से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। उन्होंने इस संबंध में बिटुमेन सप्लायर कंपनियों के साथ उच्च स्तर पर समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए।

अंत में, हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे वित्तीय और कार्य संबंधी लक्ष्यों को हर स्थिति में पूरा करना सुनिश्चित करें, ताकि आम जनता को बेहतर सड़क नेटवर्क उपलब्ध कराया जा सके।

## एक नजर

### जैड ग्लोबल स्कूल में एनएसएस कार्यक्रम का शुभारंभ किया

**रोहतक.** रोहतक में 9 मार्च से 15 मार्च तक ज़ेड ग्लोबल स्कूल में एल में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम का सफलतापूर्वक शुभ शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य,विद्यार्थियों,में,समजिक,सेवा, स्वच्छता, अनुशासन तथा सहयोग की भावना का विकास करना है। एन.एस.एस. का ध्येय वाक्य "Not Me But You" है, जो दूसरों की सेवा और समाज के प्रति समर्पण की भावना को दर्शाता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व और इसके उद्देश्यों के बारे में संक्षेप में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने भी इस विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए प्रेरणादायक भाषण दिए। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय परिसर के बगीचे की साफ-सफाई की गई, जिसके माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के उत्साह और सहभागिता को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय,के,निर्देशक,महोदयहर्षित गर्ग, प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा सचदेवा, उप-प्रधानाचार्य योगेश गांधी, एन.एस.एस. इंचार्ज रेखा दलाल तथा स्पोर्ट्स कोच सुरेश राठी उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव रहा, जिससे उनमें सेवा भावना, स्वच्छता के प्रति जागरूकता तथा टीमवर्क की भावना को मजबूत बनाने के लिए किया गया।

### पेड़ से टकराकर बाइक सवार की मौत

**निसिंग.** डाचर गांव से बाइक पर सवार होकर राइस मिल में ड्यूटी पर जा रहे 32 वर्षीय युवक रिंकू की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना सांय करीब साढ़े सात बजे की है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी हाउस भेज दिया। जिसका मृतक के साले प्रवीन की शिकायत पर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक रिंकू मूल रूप से कैथल के सीवन का निवासी है। जिसकी शादी डाचर में हुई थी। शादी के बाद करीब सात साल से रिंकू अपनी ससुराल में ही रहने लगा। जो एक राइस मिल में नौकरी करता था। रात्रि को बाइक पर जाते समय डाचर से थोड़ी आगे सामने से एक तेज लाइट वाहन आया। जिसकी लाइट में उसे कुछ दिखाई नहीं दिया। बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे गंभीर चोट लगने के कारण रिंकू की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 194 के तहत कार्यवाही की है।

### डॉ. ममता सूद को मिला अंतरराष्ट्रीय हिंदी गौरव सम्मान 2026

**थानेसर.** हिंदी साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. ममता सूद को अंतरराष्ट्रीय हिंदी गौरव सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान दुबई स्थित संस्था साहित्य अर्पण अंतरराष्ट्रीय मंच द्वारा प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 10 मार्च को ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की गई, जिसमें हिंदी विषय पर आधारित रचनात्मक प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। विश्वभर से आए प्रतिभागियों के बीच डॉ. ममता सूद की उत्कृष्ट साहित्यिक अभिव्यक्ति को सराहा गया और उन्हें इस सम्मान के लिए चयनित किया गया। डॉ. ममता सूद हिंदी साहित्य जगत में एक सक्रिय और सशक्त हस्ताक्षर हैं। उनके व्यक्तिगत काव्य संग्रह के साथ-साथ लगभग 40 से अधिक साझा काव्य संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं, जो उनकी निरंतर सृजनशीलता और साहित्य के प्रति समर्पण को दर्शाते हैं। साहित्य प्रेमियों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे हिंदी भाषा के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है।

### हरियाणा राज्यसभा चुनाव के परिणाम प्रजातंत्र की जीतः रामचंद्र गुर्जर

**कैथल.** कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष कैथल रामचंद्र गुर्जर ढांड ने हरियाणा में संपन्न राज्यसभा चुनाव के नतीजों को लेकर इसे लोकतंत्र की बड़ी जीत करार देते हुए कहा कि यह परिणाम न केवल कांग्रेस की जीत है, बल्कि प्रदेश की जनता के विश्वास और लोकतांत्रिक मूल्यों की भी विजय है। कैथल पार्टी कार्यालय में बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि शुरू से ही यह स्पष्ट था कि राज्यसभा की दो सीटों में से एक सीट बहुमत के आधार पर कांग्रेस और एक भारतीय जनता पार्टी के खाते में जानी तय थी। लेकिन भाजपा द्वारा तीसरे उम्मीदवार को मैदान में उतारकर समीकरण बिगाडने और वोट चोरी का प्रयास किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ने आरोप लगाया कि इस रणनीति के माध्यम से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश की गई, लेकिन कांग्रेस के विधायकों ने एकजुटता और सतर्कता दिखाते हुए इस प्रयास को पूरी तरह विफल कर दिया। उन्होंने कहा कि यह परिणाम इस बात का प्रमाण है कि विधानसभा चुनाव के दौरान उठाए गए सवाल और वोटों में गड़बड़ी की आशंकाएं निराधार नहीं थीं। राज्यसभा चुनाव ने यह साफ कर दिया है कि जब पारदर्शिता और सजगता रहती है, तो किसी भी प्रकार की अनियमितता सफल नहीं हो सकती। कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ने कांग्रेस उम्मीदवार कर्मवीर सिंह बौद्ध की जीत को प्रदेश की जनता के विश्वास की जीत बताते हुए कहा कि पार्टी आगे भी लोकतंत्र की रक्षा और जनहित के मुद्दों के लिए मजबूती से खड़ी रहेगी। उन्होंने कर्मवीर सिंह बौद्ध को राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने पर बधाई देते हुए सभी विधायकों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी निष्ठा और प्रतिबद्धता के कारण ही यह संभव हो पाया है।

### डम्पर ने महिला को कुचला, मौके पर मौत

**घरौंडा.** घरौंडा बस स्टैंड के सामने मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। महिला अपने पोते के साथ घर लौट रही थी, तभी एक डम्पर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में महिला डम्पर के नीचे आ गई और मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद चालक भागने लगा, लेकिन लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। गांव कालरों निवासी 62 वर्षीय अंगूरी देवी मंगलवार को अपने 20 वर्षीय पोते कुणाल के साथ घरौंडा से अपने गांव जा रही थी। बाइक कुणाल चला रहा था। जैसे ही वे घरौंडा बस स्टैंड के सामने पहुंचे, तभी साइड से आ रहे डम्पर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही अंगूरी देवी सड़क पर गिरकर डम्पर के नीचे आ गई और डम्पर उन्हें कुचलता हुआ आगे बढ़ गया, जबकि कुणाल एक तरफ गिरकर बच गया। हादसे के बाद डम्पर चालक मौके से भागने लगा, लेकिन आसपास मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया। लोगों ने आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक नशे में बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर करनाल के पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को भी कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। थाना प्रभारी इंद्र सिंह ने बताया कि बुजुर्ग महिला अंगूरी की डंपर की चपेट में आने से मौत हो गई है, जबकि उसका पोता कुणाल सुरक्षित है। महिला अपने घर की तरफ जा रही थी। आरोपी डंपर चालक को राउंडअप कर लिया गया है। महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज स्थित मोर्च्युरी हाउस में भेज दिया है।

# राज्यसभा सीट बची, लेकिन क्रास वोटिंग से कांग्रेस में घमासान

- **37 में से केवल 28 वोट ही मिले, मुकाबला रहा कड़ा**
- **5 विधायकों पर क्रॉस वोटिंग के आरोप, 4 वोट निरस्त**
- **भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हाईकमान को सौंपी रिपोर्ट**

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़.** बेशक कांग्रेस राज्यसभा सीट बचाने में कामयाब हो गई, लेकिन क्रॉस वोटिंग से घमासान मच गया है और साख पर सवाल खड़े हो गए हैं। राज्यसभा चुनाव में महज 0.34 वोट के मामूली अंतर से कांग्रेस प्रत्याशी कर्मवीर बौद्ध को जीत तो जरूर मिली, लेकिन क्रॉस वोटिंग और वोट निरस्त होने के मुद्दे ने अंदरूनी कलह को उजागर कर दिया है, जिससे संगठन की एकजुटता पर गंभीर सवाल भी खड़े हुए हैं। यही नहीं, क्रॉस वोटिंग पर नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी आक्रामक मूड़ में नजर आ रहे हैं, उन्होंने हाईकमान को क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों की रिपोर्ट भेजी है। यही नहीं, कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर ने इस्तीफा भी क्रॉस वोटिंग का बड़ा संकेत माना जा रहा है।

हरियाणा में राज्यसभा की दो सीटों के लिए चुनाव परिणाम देर रात्रि घोषित हुआ, जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी कर्मवीर बौद्ध को विजयी घोषित किया गया। मगर कर्मवीर बौद्ध के खाते में 37 में से महज 28 वोट ही आए, जबकि निर्दलीय प्रत्याशी सतीश नांदली को 25 वोट मिले, जिसके चलते उन्होंने आखिर तक कर्मवीर बौद्ध को टक्कर दी।

क्रॉस वोटिंग की इस घटना ने यह साफ कर दिया है कि कांग्रेस अभी भी गुटबाजी से उभर नहीं पा रही है। लिहाजा, नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा हाईकमान को सौंपी गई रिपोर्ट और सांसद दीपेंद्र हुड्डा के सख्त तेवर इस बात के संकेत हैं कि पार्टी अब अनुशासनहीनता पर किसी भी तरह की नरमी बरतने के पक्ष में नहीं है।

कांग्रेस पांच विधायकों को नोटिस देने की तैयारी में है, वहीं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर के इस्तीफे ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। पांच विधायकों द्वारा की गई क्रॉस वोटिंग और चार विधायकों के वोट निरस्त होने का पूरा ब्योरा कांग्रेस हाईकमान तक पहुंच चुका है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तक भी इन विधायकों के नाम भेज दिए गए हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि पार्टी लाइन से हटकर काम करने वाले विधायकों पर किसी भी समय कार्रवाई हो सकती है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि अगर भाजपा की रणनीति पूरी तरह सफल हो जाती, तो कांग्रेस में बगावत करने वाले विधायकों की संख्या एक दर्जन से भी अधिक हो सकती थी। सोशल मीडिया पर वायरल है कि क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों में शैली चौधरी, रेणुबाला, मोहम्मद इसराइल, मोहम्मद इलियास और जरनैल सिंह के नाम चर्चा में हैं। वहीं जिन विधायकों के वोट निरस्त हुए, उनके नाम भी पार्टी नेतृत्व को भेजे जा चुके हैं। हालांकि पार्टी ने अभी तक किसी भी नाम की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

विधानसभा में विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने उन विधायकों की सूची तैयार कर हाईकमान को सौंप दी है, जिनकी भूमिका संदिग्ध रही। रोचक बात यह है कि मतदान प्रक्रिया के दौरान हरियाणा मामलों के प्रभारी बीके हरिप्रसाद खुद भी मतदान केंद्र में मौजूद थे। ऐसे में वे खुद भी पार्टी नेतृत्व को पूरी रिपोर्ट देंगे। हुड्डा ने सार्वजनिक तौर पर नामों का खुलासा नहीं किया, लेकिन संकेत साफ हैं कि पार्टी अब अनुशासनहीनता को लेकर नरमी नहीं दिखाएगी। बताया जा रहा है कि पहले चरण में इन विधायकों से जवाब मांगा जाएगा और संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उन्हें पार्टी से बाहर किया जा सकता है।

#### पांच विधायकों ने की क्रॉस वोटिंग

हरियाणा में राज्यसभा की दो सीटों पर हुआ चुनाव इस बार राजनीतिक तौर पर काफी अहम रहा। 37 विधायकों वाली कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल होने के बावजूद कांग्रेस अपने हिस्से की सीट बार्डर पर जाकर जीती है। कांग्रेस के पांच विधायकों की क्रॉस वोटिंग ने कई बड़े सवाल खड़े किए हैं। भाजपा जहां कांग्रेस में सेंधमारी करने में कामयाब रही। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का चुनाव प्रबंधन काफी मजबूत रहा। पार्टी प्रत्याशी कर्मवीर बौद्ध चुनाव जीतकर राज्यसभा पहुंचने में कामयाब रहे। कांग्रेस हाईकमान द्वारा कथित रूप से 'कमजोर' उम्मीदवार दिए जाने की वजह से पार्टी के विधायकों में भी अंदरखाने नाराजगी थी। इस 'डेमेज कंट्रोल' को रोकने के लिए हुड्डा खुद आगे आए और मोर्चा संभाला। हुड्डा ने चुनावी गुणा-भाग के हिसाब से इस तरह का प्रबंधन किया ताकि विधायकों में सेंधमारी को रोका जा सके। नब्बे सदस्यों वाली विधानसभा में हुड्डा सहित कांग्रेस के कुल 37 विधायक हैं। ऐसी भी चर्चा है कि हुड्डा को क्रॉस वोटिंग का पहले ही आभास हो गया था। इसीलिए उन्होंने पूरी प्लानिंग के साथ चुनाव की कमान अपने हाथों में ली। कर्मवीर बौद्ध को सीधे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा उम्मीदवार घोषित किया गया था। हुड्डा ने ना केवल विधायकों को साधा और अपने साथ जोड़कर रखा बल्कि उन्हें तीन दिन चंडीगढ़ से दूर भी रखा। हुड्डा को यह अच्छे से पता था कि इस बार का चुनाव सीधे तौर पर नेतृत्व की प्रतिष्ठा व मान-सम्मान से जुड़ा है। इसीलिए उन्होंने इस चुनाव में कांग्रेस को जीत दिलाने के लिए सिर-धड़ की बाजी लगा दी।

# कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने राज्यपाल को बताई एमएचयू की उपलब्धियां

- **राज्यपाल प्रो. असीम घोष ने एमएचयू के बन रहे मैन कैंपस के बारे में जानकारी ली**

पंचकूला ऑब्जर्वर



**करनाल.** महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी करनाल के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने हरियाणा राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष से राज्यपाल भवन में मुलाकात की। इस दौरान कुलपति ने माननीय राज्यपाल को एमएचयू की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

राज्यपाल ने कुलपति से पूछा कि एमएचयू का बनने वाला मैन कैंपस कितना तैयार हुआ है, इस पर कुलपति प्रो.सुरेश ने बताया कि मैंन कैंपस इस साल बनकर तैयार हो जाएगा, निर्माण कार्य काफी तेजी से चल रहा है। उन्होंने बताया कि एमएचयू हर बागवानी के हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही है, चाहे वो अनुसंधान का विषय हो या फिर शैक्षणि, प्रचार प्रसार का। इसके अलावा एमएचयू का आस्ट्रेलियां, जापान, अमेरिका सहित अन्य कई बागवानी यूनिवर्सिटी के साथ समझौता ज्ञापन हो चुके है, जिससे हमारे विद्यार्थी विदेशी यूनिवर्सिटी ओर विदेशी विद्यार्थी एमएचयू में बागवानी की पढ़ाई में ज्ञान वृद्धि कर रहे है, यही नहीं एमएचयू के विद्यार्थियों को दोहरी डिग्री हासिल होगी। जो एमएचयू के विद्यार्थियों को अन्य बागवानी विश्वविद्यालयों में पढने वाले विद्यार्थियों से अलग करता है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा एमएचयू की स्थापना उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में बागवानी की खेती को बढ़ावा देने के लिए की थी, उस उदेश्य में एमएचयू सरकार के सपने को साकार में जुटी हुई है। जिसका मकसद हरियाणा के किसानों की खेती को मूल्यवान बनाना है, जिससे किसानों के जीवन में आर्थिक उत्थान हो सकें। कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने मसालों के फूलों का सुगंधित गुलदस्ता देकर स्वागत किया कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने राज्यपाल को एमएचयू के फूल विभाग द्वारा बनाया गया मसालों के फूलों का सुगंधित गुलदस्ता देकर स्वागत किया, जिसके बारे में महामहिम को बताया गया। जिस पर महामहिम राज्यपाल प्रो. घोष ने कहा कि वर्तमान में खेती किसानी किसानों के लिए चुनौती बनती जा रही है, क्योंकि ग्लोबल वॉर्मिंग का प्रकोप बढ़ रहा है, प्राकृतिक संसाधन पर तेजी से दवाब बढ़ रहा है। कुलपति ने माननीय राज्यपाल जी से बागवानी विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह करने की अनुमति और तिथि के लिए भी बातचीत की।

राज्यपाल जी को यह भी बताया कि विश्वविद्यालय में बी.एस.सी. (हॉर्टिकल्चर) के दो बैच ओर एमएससी और पीएचडी के तीन-तीन बैच पासआउट हो गए है। महामहिम राज्यपाल ने कहा, किसानों के समक्ष चुनौतियों को दूर करने में भूमिका निभाएं इसके अलावा किसान परपंरागत खेती जैसे गेहूं ओर धान को प्रमुखता से करते है, जिससे एक ओर जहां पर्यावरण पर असर पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर जल संकट बढ़ रहा है। सामने खड़ी विकट चुनौतियों को निपटने के लिए कुलपति प्रो. सुरेश के नेतृत्व में एमएचयू जो कार्य कर रही है, वो काफी सराहनीय है, अभी से ही सकारात्मक परिणाम दिखाई देने लगे है। महामहिम राज्यपाल ने कुलपति प्रो. सुरेश की सराहना करते हुए यह भी कहा कि बागवानी के क्षेत्र में हरियाणा सहित देशभर के किसानों के समक्ष खड़ी चुनौतियों को दूर करने में अहम भूमिका निभानी है, जिससे किसानों को सही मायनों में आय वृद्धि हो साथ ही देशवासियों को पोषणयुक्त फल, सब्जियां उपलब्ध हो।

### आईजी कॉलेज बीएससी की छात्रा पायल का यूथ पार्लियामेंट के लिए चयन

**कैथल.** मेरा युवा भारत पोर्टल के अंतर्गत 22 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक चल रहे युवा सशक्तिकरण एवं अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम के तहत आईजी कॉलेज की बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा पायल ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। छात्रा पायल ने माई भारत पोर्टल पर सफलतापूर्वक पंजीकरण किया तथा उक्त कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। इसके पश्चात उनका चयन यूथ पार्लियामेंट के सदस्य के रूप में किया गया। इस प्रक्रिया के अंतिम चरण में छात्रा को अपने निर्धारित विषय पर आधारित एक वीडियो तैयार कर पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। इसी वीडियो के आधार पर आगे का अंतिम चयन किया जाएगा। प्रबंधक समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया ने कहा कि माई भारत पोर्टल युवाओं को स्वयंसेवा, नेतृत्व एवं व्यावहारिक ज्ञान के अवसर प्रदान कर रहा है।

# रसोई गैस, पेट्रोलियम पदार्थों के दाम कंट्रोल करने में केन्द्र व राज्य सरकार फेल : जगमग मटौर

- **सिलेंडर सिर पर रख आप कार्यकर्ताओं ने किया रोष प्रदर्शन**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**कैथल.** रसोई गैस की किल्लत और बढ़ती कीमतों को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष जगमग मटौर की अध्यक्षता में कार्यकर्ता जिला कार्यालय में एकत्रित हुए और बाद में जींद रोड पर सिलेंडर सिर पर रखकर विरोध जताया।

भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर रोष प्रकट किया गया। प्रदर्शन के दौरान आप नेताओं शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर सतबीर गोयत, महिला जिला अध्यक्षा सोनिया शर्मा ने आरोप लगाया कि केंद्र में मोदी और प्रदेश में नायब सरकार रसोई गैस, पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों को नियंत्रित करने और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल रही है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार कमी नहीं की बात कहकर जनता को गुमराह कर रही है, जबकि हकीकत में लोग सिलेंडर के लिए परेशान हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ मास्टर सतबीर गोयत ने कहा कि देश में मौजूदा हालात बेहद चिंताजनक हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि युद्ध जैसे वैश्विक हालात और देश के अंदर कालाबाजारी ने स्थिति को और बिगाड़ दिया है, जिससे आम जनता को कोरोना काल से भी बदतर परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उद्योग-धंधे ठप्प पड़ रहे हैं और गैस एजेंसियों पर हजारों लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में 800 रुपये का सिलेंडर 2000 से 2500 रुपये तक ब्लैक में बिक रहा है, जिससे आम लोग आर्थिक रूप से टूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि गैस की कोई कमी नहीं है, तो सरकार जनता तक इसकी उपलब्धता क्यों सुनिश्चित नहीं कर पा रही।

#### कमी नहीं है तो लंबी लाईनें क्यों : सोनिया

महिला प्रदेश अध्यक्षा सोनिया शर्मा ने कहा कि उज्वला योजना और हर घर गृहिणी योजना पूरी तरह विफल साबित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को गैस सिलेंडर के लिए लंबी लाइनों में लगना पड़ रहा है, फिर भी एक-एक महीने तक सिलेंडर नहीं मिल रहा, जो सरकार की बड़ी नाकामी है। आप नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार न तो पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों पर नियंत्रण कर पा रही है और न ही कालाबाजारी पर रोक लगाने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि यदि वास्तव में कोई कमी नहीं होती, तो सरकार लोगों को कोयला और बिजली के चूल्हों का इस्तेमाल करने की सलाह नहीं देती। इस प्रदर्शन में मा. सतबीर गोयत प्रदेश उपाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ,

### बची-खुची कांग्रेस भी बिखराव की ओरः बड़ौली

**सोनीपत.** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद संजय भाटिया को जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री बड़ौली ने संजय भाटिया के उज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना भी की। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि सांसद संजय भाटिया अपने लंबे राजनीतिक अनुभव से उच्च सदन में हरियाणा की जनता की आवाज को और अधिक सशक्त बनाएंगे। श्री बड़ौली ने कांग्रेस पार्टी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में बढ़ते आंतरिक संघर्ष, गुटबाजी के चलते बची-खुची कांग्रेस पार्टी भी अब बिखराव की तरफ बढ़ रही है।

श्री बड़ौली ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस अपने विधायकों को हिमाचल में अलग-अलग स्थानों पर लेकर जाती रही। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को अपने विधायकों पर ही भरोसा नही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की हालत खराब है, यही कारण है कि कांग्रेस के विधायक कांग्रेस पार्टी से तंग आ चुके हैं।

श्री बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस की अंतर्कलह फिर उजागर हो गई। संख्याबल होने के बावजूद भी कांग्रेस प्रत्याशी सिर्फ एक वोट से जीत दर्ज कर सका है। कांग्रेस के एकजुटता के दावा की जनता के सामने फिर पोल खुल गई है। कांग्रेस के नेताओं का ही कांग्रेस पार्टी पर भरोसा खत्म होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस की हालत और भी खराब होने वाली है। मोहन लाल बड़ौली ने इनेलो पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इनेलो कांग्रेस पार्टी की ''बी'' टीम साबित हुई। इनेलो ने चुनाव का बहिष्कार करके अप्रत्यक्ष रूप से कांग्रेस का ही सपोर्ट किया है। इनेलो ने अपने विधायकों को वोट करने से रोका यह लोकतंत्र का अपमान है। बड़ौली ने कहा कि भाजपा को जन-जन का प्यार मिल रहा है। भाजपा पर जनता का भरोसा लगातार मजबूत होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं, किसानों, गरीबों और युवाओं के हित में काम करने वाली पार्टी है। सभी वर्ग आगे बढ़ यही भाजपा की सोच है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा तेजी से विकास कर रहा है।

मोहन लाल बड़ौली ने पुनः नवनिर्वाचित सांसद संजय भाटिया के कार्यकाल की सफलता और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका की कामना की।

#### डीसी ने किया गांव सांपन खेड़ी में बन रहे भगवान परशुराम मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण

# प्रोजेक्ट को निर्धारित समय अवधि में पूरा करने के दिए निर्देश

- **लगभग 83 प्रतिशत कार्य पूरा, जून 2026 तक तैयार होने की उम्मीद**
- **कॉलेज के पूर्ण रूप से शुरू होने के बाद स्वास्थ्य सेवाओं में होगा बड़ा सुधार**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**कैथल.** डीसी अपराजिता ने मंगलवार को गांव सांपन खेड़ी में निर्माणाधीन भगवान परशुराम राजकीय मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का बारीकी से जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज परिसर में सबसे पहले अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। जहां सात मंजिला भवन में जमीनी तल सहित प्रत्येक मंजिल पर बनाए जा रहे चिकित्सीय कक्ष, अल्ट्रासाउंड, एक्सरे के बारे में नक्शे के माध्यम से जानकारी ली। उन्होंने शैक्षणिक ब्लॉक, छात्रावास तथा रेजिडेंट डॉक्टरों के आवासीय परिसर का एक-एक कर अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की जानकारी ली तथा कार्य में तेजी लाने पर जोर दिया। उन्होंने बिल्डिंग प्लान का बारीकी से अवलोकन किया। बता दें कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में हरियाणा सरकार द्वारा आमजन को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री लगातार इसकी प्रगति को लेकर निर्देश देते हैं, ताकि कैथल के लोगों को जल्द से जल्द इस कॉलेज की सेवाएं मिल सकें। करीब 935 करोड़ रुपये की लागत से बन रही इस परियोजना का कार्य तेजी से प्रगति पर है और इसे जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में निर्माण कार्य का लगभग 83 प्रतिशत हिस्सा पूरा हो चुका है। मेडिकल कॉलेज के शुरू होने के बाद कैथल सहित आसपास के जिलों के लोगों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होंगी। अभी गंभीर मरीजों को इलाज के लिए चंडीगढ़, रोहतक पीजीआई या कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज जैसे बड़े संस्थानों में रेफर करना पड़ता है। नए मेडिकल कॉलेज के संचालन से इस समस्या में काफी हद तक कमी आएगी। डीसी अपराजिता ने बताया कि करीब 20 एकड़ भूमि पर कैथल-करनाल रोड स्थित गांव सांपन खेड़ी में बन रहे इस मेडिकल कॉलेज में आधुनिक सुविधाओं से युक्त 530 बिस्तरों वाला बहुमंजिला अस्पताल भवन तैयार किया जा रहा है। बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर और कई मंजिलें शामिल हैं। साथ ही मेडिकल कॉलेज में 100 एमबीबीएस सीटों की व्यवस्था की जा रही है, जिससे क्षेत्र के युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर मिलेंगे। कॉलेज में परीक्षा हॉल सहित सभी आवश्यक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। इस मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य काफी तेजी से हो रहा है। परियोजना के तहत छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग हॉस्टल बनाए जा रहे हैं, जिनमें लड?ों के लिए 350 और लड़कियों के लिए 250 क्षमता के छात्रावास तैयार किए जा रहे हैं। इसके अलावा जूनियर और सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों तथा क्लास-1 व क्लास-2 अधिकारियों के लिए आवासीय ब्लॉक भी तैयार किए जा रहे हैं। मेडिकल उपकरण, फर्नीचर, बाहरी विकास कार्य और अन्य आवश्यक सुविधाओं को भी परियोजना में शामिल किया गया है। आज निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया गया है। अधिकारियों व संबंधित एजेंसी को निर्धारित समय अवधि में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

### टीईटी की अनिवार्यता खत्म की जाएः मोर

**कैथल.** डेमोक्रेटिक स्कूल टीचर्स हरियाणा ने पंजाब में डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट द्वारा टीईटी की अनिवार्यता के खिलाफ चलाए जा रहे आंदोलन का भरपूर समर्थन करते हुए हरियाणा में भी आंदोलन करने की चेतावनी दी है। डीएसटीए के चैयरमैन धर्मेन्द्र ढांडा, राज्य प्रधान मास्टर विजेंद्र मोर, राज्य महासचिव सुनील यादव व राज्य प्रेस सचिव बूटा सिंह ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा सेवारत अधयापकों के लिए जो टीईटी की अनिवार्यता का फैसला दिया है वो पूर्ण रूप से असंवैधानिक है और केंद्र व राज्य सरकारें इस फैसले के खिलाफ पुनः याचिका दायर करें। पंजाब में इसके विरोध में हो रहे आंदोलन को सरकार द्वारा जबरन दबाने का प्रयास किया जा रहा है जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



# शिल्पा शिरोडकर

## जादू-टोने वाली का निभाया रोल, अब सरेआम बोलीं- मुझे काम चाहिए

शिल्पा शिरोडकर 90 के दशक की जानी-मानी अभिनेत्री रही हैं। अपने समय में उन्होंने गोविंदा से लेकर सुनील शेट्टी जैसे लीडिंग एक्टर्स के साथ काम किया और पिछले दिनों बिग बॉस 18 को लेकर सुर्खियों में रहीं और फिर सोनाक्षी सिन्हा स्टारर जटाधारा में अपने किरदार से सबको चौंका दिया। इस फिल्म में उन्होंने एक जादू-टोने वाली महिला की निगेटिव भूमिका निभाई। अब शिल्पा शिरोडकर अपने अन्य प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में खुद शिल्पा शिरोडकर ने अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स को लेकर खुलकर बात की और बताया कि उनके पास कई रोमांचक प्रोजेक्ट हैं। शिल्पा शिरोडकर साउथ सुपरस्टार महेश बाबू की साली हैं, जो इन दिनों एसएस राजामौली की अपकमिंग फिल्म वाराणसी को लेकर सुर्खियों में हैं। इसके बाद भी शिल्पा को खुलेआम काम मांगने में कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने इंस्टैंट बॉलीवुड के साथ बातचीत में अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स को लेकर खुलकर बात की और इसी दौरान बताया कि उनके पास एक वेब सीरीज है और इसके साथ अन्य कई रोमांचक प्रोजेक्ट उनके पास हैं।



शिल्पा के अनुसार, वह इस साल के आखिरी तक बिजी चल रही हैं, लेकिन उन्हें और काम चाहिए। शिल्पा शिरोजकर ने अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स और जटाधारा के बारे में बात करते हुए कहा- मेरी फिल्म जटाधारा रिलीज हुई थी नवंबर में, जो बहुत अछा नहीं कर पाई। लेकिन, मेरे पास अभी और कई प्रोजेक्ट है, मैं एक वेब सीरीज भी कर रही हूं। इसके अलावा मैं एक और फिल्म कर रही हूं और इसके ऑफिशियल अनाउंसमेंट का इतंजार कर रही हैं। तो हां, भगवान की दया से मैं इस साल के आखिरी तक काफी व्यस्त हूं। शिल्पा से जब पूछा गया कि क्या वह फुल टाइम काम के लिए तैयार हैं, तो उन्होंने बिना हिचकिचाहट के हामी भरी। वहीं जब उनसे नेटवर्किंग के महत्व के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा- अगर मेरे पास किसी का नंबर है या मैं किसी को मिलूं तो मैं सबको बोलती हूं कि भाई मुझे काम चाहिए कुछ अछा होगा तो दे दो। शिल्पा कहती हैं कि उन्हें लोगों को ये बताने में कोई शर्म नहीं कि वह काम की तलाश में हैं और अगर कोई मदद कर सकता है तो उसे इसके बारे में पता होना चाहिए।

## सभी हदें पार कर दीं, नोरा के सरके चुनर पर कंगना रनौत की तीखी प्रतिक्रिया, अरमान मलिक का भी फूटा गुस्सा




रैपर बादशाह के टटीरी के बाद अब नोरा फतेही और संजय दत्त पर फिल्माया गाना सरके चुनर तेरी सरके विवादों में घिर गया है। कन्नड़ फिल्म केडी: द डेविल के इस गाने की लिरिक्स और डांस स्टेप्स ने सोशल मीडिया पर नया विवाद खड़ा कर दिया है। इस गाने के डबल मीनिंग वाले बोल और भद्दे डांस स्टेप्स पर आम लोगों ने ही नहीं कई सेलिब्रिटी भी नाराजगी जाहिर कर चुके हैं, जिसके बाद यूट्यूब से इस गाने के हिंदी वर्जन को हटा दिया गया है। इस बीच गाने पर बॉलीवुड अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत का कमेंट भी चर्चा में है, जिन्होंने इस गाने के भद्दे बोल और डांस स्टेप्स पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कंगना रनौत ने नोरा फतेही और संजय दत्त पर फिल्माए इस गाने की कड़ी आलोचना की है और कहा है कि बॉलीवुड ने अश्लीलता की सारी हदें पार कर दी हैं। अभिनेत्री ने इस तरह के गानों के खिलाफ सख्त रेगुलेशन की मांग करते हुए कहा कि फिल्मों और गानों में अश्लीलता और आपत्तिजनक सामग्री पेश करने पर कड़े नियम होने चाहिए। अभिनेत्री ने कहाकि अब इस तरह का कंटेंट परोसा जाने लगा है कि परिवारों के लिए एक साथ बैठकर टीवी देखना मुश्किल हो गया है। न्यूज एजेंसी एएनआई द्वारा एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर साझा किए गए एक वीडियो में कंगना रनौत कह सरके चुनर गाने को लेकर हुए विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, बॉलीवुड ने अश्लीलता, पीआर हथकंडों और ध्यान आकर्षित करने के चक्कर में सारी हदें पार कर दी हैं। पूरा देश उनकी निंदा और आलोचना कर रहा है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि उन्हें जरा भी शर्म आती है। ये कोई नई बात नहीं है, क्योंकि हम बचपन से ऐसे गाने सुनते आ रहे हैं। हालांकि, समय-समय पर इस तरह के कंटेंट पर प्रतिबंध लगाए गए हैं, और मेरा मानना है कि अब और भी सख्त कदम उठाए जाने चाहिए। कंगना ने अपनी बात जारी रखते हुए कहा- इस तरह की अश्लीलता को जिस तरह से प्रस्तुत किया जा रहा है, उसका असर सामाजिक संस्कृति पर भी पड़ रहा है। अब ऐसा हाल हो चुका है कि परिवारों के लिए एक साथ बैठकर टीवी देखना भी मुश्किल हो गया है। मुझे लगता है कि बॉलीवुड पर कुछ सख्त लगाम लगाने पड़ेंगे। बता दें, कंगना से पहले सिंगर अरमान मलिक ने भी इस गाने की खुलकर आलोचना की थी। उन्होंने इसे कमर्शियल सॉन्गराइटिंग का सबसे लो पॉइंट बताते हुए कहा कि काश उन्होंने ये गाना कभी सुना ही नहीं होता। उन्होंने इस गाने पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा- ये गाना मेरी टाइमलाइन पर दिखा और मुझे यह सुनिश्चित करने के लिए इसे दोबारा सुनना पड़ा कि मैंने इसे सही सुना है। कमर्शियल सॉन्ग राइटिंग को इतने नीचे स्तर तक गिरते देखकर दुख होता है। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने आगे कहा, मैं सचमुच हैरान हूं। काश मैं इसे अनसुना कर पाता। सरके चुनर तेरी सरके कन्नड़ पैन इंडिया फिल्म केडी: द डेविल का गाना है, जिसे नोरा फतेही और संजय दत्त पर फिल्माया गया है। गाने में नोरा एक डांस बार में परफॉर्म करती देखी जा सकती हैं और उनके साथ संजय दत्त सहित कुछ बैकग्राउंड डांसर नजर आ रहे हैं। 13 मार्च को गाने का प्रोमो जारी किया गया था, जिसमें वह घाघरा-चोली में भीड़ के बीच डांस करती दिखीं। लेकिन जैसे ही 14 मार्च को गाना रिलीज हुआ, इसके भद्दे बोल और अश्लील डांस स्टेप्स को लेकर इसकी आलोचना शुरू हो गई। लोगों ने इसे डबल मीनिंग और वल्गर बताते हुए इसे डिलीट किए जाने की मांग उठाई। भारी आलोचनाओं और सीबीएफसी में शिकायत के बाद गाने का हिंदी वर्जन यूट्यूब से हटाया जा चुका है, जबकि तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम वर्जन अभी भी उपलब्ध हैं।

## मृणाल ठाकुर ने किए श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई गणपति के दर्शन

एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने हिंदी, मराठी और तेलुगु सिनेमा में अपनी दमदार एक्टिंग के बलबूते इंडस्ट्री के साथ लोगों के दिलों में एक खास पहचान बनाई है। मंगलवार को उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें वे देश के सबसे प्रसिद्ध और भव्य मंदिरों में से एक श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई गणपति मंदिर में बप्पा का दर्शन करते नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने बप्पा के साथ कुछ बेहद ही खूबसूरत तस्वीरों को फैंस के साथ शेयर किया है, इसी के साथ वो पोस्ट कैप्शन में लिखती हैं, पुण्यात आलो आणि बाप्पाचं दर्शन घेतलं नाही तर काय केलं? यानी अगर पुणे आए और बप्पा (भगवान गणेश) के दर्शन नहीं किए, तो फिर क्या किया? मृणाल ठाकुर के इस पोस्ट को उनके फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। क्या आपको देश के इस प्रसिद्ध और प्राचीन श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई गणपति मंदिर के बारे में जानकारी है? अगर नहीं, तो आइए हम आपको बताते हैं, श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई मंदिर देश के सबसे धनी, प्रसिद्ध और ऐतिहासिक मंदिरों में से एक है। श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई गणपति मंदिर महाराष्ट्र के पुणे के बुधवार पेठ क्षेत्र में शनिवार वाडा के पास स्थित है। सोना और चांदी से सजे इस मंदिर की विरासत 125 साल से अधिक पुरानी है। मंदिर की स्थापना पुणे के एक प्रसिद्ध मिठाई विक्रेता, दगडूशेठ हलवाई और उनकी पत्नी लक्ष्मीबाई ने 1893 में की थी। दगडूशेठ हलवाई ने अपने बेटे की प्लेग महामारी में मृत्यु हो जाने के बाद गुरु माधवनाथ महाराज के कहने पर शहर के बीचोंबीच में इस मंदिर का निर्माण करवाया। आराध्य गणेश जी को समर्पित इस मंदिर की भव्यता और प्रभु के प्रतिमा का सौंदर्य अद्भुत है। मंदिर में गणेश चतुर्थी का त्योहार बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है, जो कि विश्वभर में प्रसिद्ध है। श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई गणपति मंदिर में गणेश चतुर्थी का त्योहार पूरे 10 दिनों तक बड़ी धूमधाम और भव्यता के साथ मनाया जाता है, जिसमें शामिल होने के लिए दूर-दराज से प्रयर्टक और श्रद्धालु आते हैं।



## गलत सलाह के कारण गंवाया इम्तियाज अली का प्रोजेक्ट, डोनल बिष्ट ने सुनाई आपबीती

फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में काम करना जितना ग्लैमरस दिखता है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी होता है। कई बार कलाकारों को लोगों की सलाह पर भरोसा करना महंगा पड़ जाता है। ऐसा ही एक अनुभव अभिनेत्री डोनल बिष्ट ने साझा किया, जिन्होंने बताया कि कैसे गलत मार्गदर्शन की वजह से वह मशहूर निर्देशक इम्तियाज अली के एक बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं बन सकीं। डोनल बिष्ट ने बताया कि उन्हें इम्तियाज अली के एक प्रोजेक्ट के लिए फाइनल शॉर्टलिस्ट किया गया था। वह इस प्रोजेक्ट के आखिरी राउंड तक पहुंच चुकी थीं और निर्देशक और उनकी टीम के साथ उनकी मीटिंग भी हो चुकी थी। यह उनके करियर का एक बड़ा मौका था, जिसे लेकर वह काफी उत्साहित थीं और उन्हें पूरा भरोसा था कि वह इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बन सकती हैं। अभिनेत्री ने बताया कि जैसे ही उन्हें इस मीटिंग के बारे में पता चला, उन्होंने यह खुशखबरी अपने करीबियों के साथ साझा की। इस मौके को लेकर वह बेहद खुश थीं और उन्होंने इसे अपने करियर का टर्निंग पॉइंट मान लिया था। लेकिन यहीं से उनके लिए मुश्किलें शुरू हो गईं, क्योंकि उनके आसपास के लोगों ने उन्हें अलग-अलग तरह की सलाह देना शुरू कर दिया।

डोनल ने कहा, लोगों ने बताया कि मीटिंग में कैसे बात करनी चाहिए, किन बातों को कहना है और किन चीजों से बचना है। मुझे यह भी भरोसा दिलाया गया कि अगर मैं इन सलाहों का मानती हूं, तो यह प्रोजेक्ट निश्चित रूप से मिल जाएगा। शुरुआत में मुझे लगा कि यह सब मेरे भले के लिए कहा जा रहा है, लेकिन बाद में यही सलाह मेरे लिए नुकसानदायक साबित हुई। उन्होंने बताया, जब मैं मीटिंग में पहुंचीं, तो इन सभी बातों का असर मेरे व्यवहार में साफ नजर आया। मैं आत्मविश्वास के साथ अपनी बात नहीं रख पाई और कई जगह हिचकिचाती हुई दिखी। मेरे जवाबों में स्पष्टता की कमी थी, जिससे निर्देशक इम्तियाज अली और उनकी टीम को लगा कि मैं खुद ही अपने विचारों को लेकर असमंजस में हूं।

डोनल ने कहा, स्थिति इतनी उलझ गई कि टीम को मेरी हालत को लेकर चिंता होने लगी। बाद में मुझे कास्टिंग टीम और इंडस्ट्री के कुछ लोगों का फोन आया, जिन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मैं ठीक हूं, क्या मैं किसी मानसिक तनाव में हूं या कोई मुझे गलत दिशा में गाइड कर रहा है। यह मेरे लिए काफी चौंकाने वाला था, क्योंकि मैंने खुद ऐसा कुछ महसूस नहीं किया था।



## श्रीदेवी की संपत्ति विवाद में मद्रास हाई कोर्ट का फैसला, चेंगलपट्टू कोर्ट की कार्यवाही पर अंतरिम रोक

दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की संपत्ति को लेकर चल रहे विवाद में मद्रास हाई कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने चेंगलपट्टू सिविल कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगा दी है। इस फैसले से अब चेंगलपट्टू कोर्ट में मामला आगे नहीं बढ़ सकेगा। मामले की अंतिम सुनवाई के लिए 26 मार्च की तारीख तय की गई है। श्रीदेवी ने साल 1988 में चेन्नई के ईस्ट कोस्ट रोड पर संबंदा मुदलियार के परिवार से 4.77 एकड़ जमीन खरीदी थी। पिछले 37 सालों से यह संपत्ति उनके परिवार के कब्जे में रही है। हाल ही में नटराजन और शिवगामी, जो चंद्रशेखरन मुदलियार की दूसरी पत्नी के बेटे और बेटी बताए जाते हैं, उन्होंने खुद को कानूनी वारिस बताकर सर्टिफिकेट हासिल किया और चेंगलपट्टू अतिरिक्त जिला कोर्ट में सिविल मुकदमा दायर कर संपत्ति में अपना हिस्सा मांगा। इस मुकदमे को खारिज करने की मांग करते हुए श्रीदेवी के पति बोनी कपूर ने अपनी बेटियों अभिनेत्री जान्हवी कपूर और खुशी कपूर के साथ



मिलकर चेंगलपट्टू कोर्ट में याचिका दायर की थी। लेकिन चेंगलपट्टू कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी और कहा कि मालिकाना हक का फैसला तभी हो सकता है जब पूरा मुकदमा चले। इस आदेश के खिलाफ बोनी कपूर, जान्हवी कपूर और खुशी कपूर ने मद्रास हाई कोर्ट में याचिका दायर की। याचिका में उन्होंने आरोप लगाया कि तीनों दावेदारों ने धोखाधड़ी वाले दस्तावेजों के आधार पर कानूनी वारिस का सर्टिफिकेट हासिल किया। उन्होंने बताया कि असली मालिक मायलापुर में रहते थे, लेकिन दावेदारों ने साल 2005 में तांबरम तहसीलदार कार्यालय से झूठे दस्तावेजों के जरिए सर्टिफिकेट बनवा लिया। याचिकाकर्ताओं ने यह भी दलील दी कि चंद्रशेखरन मुदलियार की पहली पत्नी के जीवित रहते हुए दूसरी शादी का दावा कानूनी रूप से अमान्य है।

## भुना, भीगा या पकाया हुआ चना : कौन सा है शरीर के लिए है ज्यादा पौष्टिक



शरीर के संचालन के लिए प्रोटीन की आवश्यकता सबसे ज्यादा पड़ती है, क्योंकि यह कोशिकाओं को मजबूती और शरीर को ऊर्जा देता है। ऐसे में महंगे सप्लीमेंट की जगह किचन में मौजूद चना प्रोटीन का एक बड़ा स्रोत है। चना एक पौष्टिक और आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर आहार माना जाता है। इसमें प्रोटीन, फाइबर, और कई जरूरी पोषक तत्व होते हैं जो शरीर को ऊर्जा और ताकत देते हैं। आयुर्वेद के अनुसार भुना चना, भीगा और पकाया हुआ चना या चने का सत्तू अलग-अलग तरीकों से शरीर को लाभ पहुंचाता है। लेकिन चना सही मात्रा और सही तरीके से ही खाना चाहिए, ताकि पाचन ठीक रहे और शरीर को पूरा फायदा मिले। ऐसे में विस्तार से जानेंगे कि कैसे और किस तरीके से चने का सेवन करना लाभकारी होता है। पहले बात करते हैं भुने हुए चने की। भुने हुए चने में कैलोरी कम और फाइबर सबसे अधिक होता है और यही कारण है कि भुना हुआ चना वजन को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसके सेवन से कोलेस्ट्रॉल, डायबिटीज और हृदय रोगों में कम आती है। ध्यान रखने वाली बात है कि इसका सेवन सुबह और दोपहर के समय करें। दूसरे नंबर पर आता है कि भीगा और पकाया हुआ चना। यह मुख्य रूप से काला चना होता है, जिसे रात में भिगोकर सुबह उबाल लिया जाता है। इसके सेवन से शरीर को ऊर्जा मिलती है और यह वजन बनाने में भी मददगार है। अगर आप जिम में पसीना बहाते हैं, तब शरीर को ऊर्जा देने के लिए पकाया हुआ चना सबसे अच्छा होता है। इसके साथ ही अगर चने को अलग देसी घी के साथ छौंक लगाकर पकाया जाए तो यह वात दोष को कम करने और चने के रूखेपन को भी कम करने में मदद करता है। इसका सेवन नाश्ते और शाम के समय में हल्की भूख लगने पर खा सकते हैं। तीसरे नंबर पर है चने से बना सत्तू। चने से बने सत्तू का सेवन गर्मियों में भी किया जा सकता है, क्योंकि यह प्रोटीन से लेकर पेट को ठंडक देने का भी बेहतरीन तरीका है। इसके सेवन से थकान और नेत्र से जुड़े रोगों में कमी होती है। गर्मियों में तीनों प्रकार से चने का सेवन किया जा सकता है, लेकिन वात दोष की अधिकता से पीड़ित लोग चने के सेवन में सावधानी बरतें।



प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com